पंजाब केसरी 15/01/2026

जी.एम.एन. कॉलेज में वर्मी कम्पोस्टिंग एवं प्राकृतिक खाद निर्माण पर हुआ कार्यक्रम

उन्नतशील खेती के साथ वर्मी कम्पोस्ट रोजगार का भी बेहतर साधन : डा. कुलदीप यादव

अम्बाला, 14 जनवरी (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट में सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन एस.डी.जी., इको क्लब, एन.एस.एस. व एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वाधान में किया गया।

इस अवसर पर शिल्पी एग्रो फाऊंडेशन की संचालिका एवं पर्यावरण कार्यकर्त्ता पूजा ने महाविद्यालय का दौरा कर विद्यार्थियों को वर्मी कम्पोस्टिंग एवं प्राकृतिक खाद निर्माण के विषय में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम में पहुंची शिल्पी एग्रो फाऊंडेशन की संचालिका एवं पर्यावरण कार्यकर्त्ता पूजा को सम्मानित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

पूजा ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने इस क्षेत्र में अपनी रुचि विकसित की और निरंतर प्रयासों के माध्यम से इसे एक प्रभावशाली सामाजिक एवं पर्यावरणीय पहल में परिवर्तित किया। वे विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर प्राकृतिक खाद निर्माण एवं सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। उनके विचार, अनुभव और कार्यशैली ने विद्यार्थियों को गहराई से प्रेरित किया तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने पूजा के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्राकृतिक खाद निर्माण और सतत विकास के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहनीय बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसे प्रेरक व्यक्तित्वों से सीख लेने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर डा. कुलदीप यादव, विभागध्यक्ष, वनस्पति विभाग ने कहा कि उन्नतशील खेती के साथ वर्मी कम्पोस्ट रोजगार का भी बेहतर साधन है और जी.एम.एन. कॉलेज इस तरह की कार्यशाला निरंतर लगाते है।

अंत में विद्यार्थियों ने पूजा के प्रेरक मार्गदर्शन से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन और भविष्य की पहलों में अपनाने का संकल्प लिया। यह सत्र न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक भी सिद्ध हुआ।